भारत डायनामिक्स लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)

निगम कार्यालय, गच्ची बाउली – हैदराबाद

बीडीएल/104/बीडी-नि.वा./06 दिनांक : 07 अगस्त, 2020

प्रेस विज्ञप्ति

बीडीएल ने 'आत्मनिर्भर भारत' सप्ताह मनाया – नयी सुविधाओं का उद्घाटन किया

भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) रक्षामंत्रालयाधीन भारत सरकार के उद्यम में दिनांक 07 अगस्त से 14 अगस्त, 2020तक **'आत्मनिर्भर भारत'** सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत भारत सरकार द्वारा शुरु की गयी 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' को आगे बढ़ाने के लिए इस सप्ताह के दौरान बीडीएल द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं।

रक्षा उपकरण विनिर्माण में आधुनिक प्रौद्योगिकी और उच्चतम गुणता की आवश्यकत्ता एवं विश्वसनीयता को ध्यान में रखते हुए बीडीएल ने **सर्फेस माउंट टेक्नॉलजी (एस एम टी)** की सुविधा की स्थापना की है।

बीडीएल ने रक्षा उद्यम में आत्मनिर्भर भारत के अनुसरण में 43 टेराफ्लॉप कैपासिटी के 'उच्च निष्पादन कंप्यूटिंग सुविधा' की स्थापना की.

श्री बी एच वी एस नारायण मूर्ति, विशिष्ठ वैज्ञानिक एवं निदेशक, आर सी आई, डी आर डी ओ द्वारा उपर्युक्त सुविधाओं का उद्घाटन बीडीएल, कंचनबाग इकाई हैदराबाद में **कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) सीएमडी, बीडीएल** कंपनी के निदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारी गण के समक्ष आज किया गया।

सर्फेस माउंट टेकनॉलजी, इलेक्ट्रॉनिक सर्क्यूट बनाने के लिए प्रयुक्त एक पद्धति है जिसमें प्रिंटेड सर्क्यूट बोर्ड के ऊपर सीधे घटक लगाए जाते हैं। इस तैयार की गयी इलेक्ट्रॉनिक साधन को सर्फेस माउंट डिवाइस (एस एम डी) कहा जाता है।

बीडीएल में स्थापित उच्च निष्पादन कंप्यूटिंग सुविधा से तेज गति के साथ वायुगतिकी एवं संरचनात्मक विश्लेषण किया जा सकता है.

बीडीएल में मनाये जा रहे 'आत्मनिर्भर भारत' सप्ताह के तहत सर्फेस माउंट टेकनॉलजी सुविधा का उद्घाटन करते हुए श्री बी एच वी एस नारायणमूर्ती, विशिष्ठ वैज्ञानिक एवं निदेशक, आर सी आई, डी आर डी ओ।

फोटो

बीडीएल में मनाये जा रहे 'आत्मनिर्भर भारत' सप्ताह के तहत **'उच्च निष्पादन कंप्यूटिंग सुविधा'** का उद्घाटन करते हुए श्री बी एच वी एस नारायणमूर्ती, विशिष्ठ वैज्ञानिक एवं निदेशक, आर सी आई, डी आर डी ओ।